लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में बजट सत्र के लिए व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

...

नई दिल्ली, 30 जनवरी, 2023: बजट सत्र से पहले, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर का निरीक्षण किया। श्री बिरला ने लोक सभा सचिवालय, सीपीडब्ल्यूडी और अन्य एजेंसियों के अधिकारियों के साथ संसद भवन परिसर में लोक सभा चैंबर, केन्द्रीय कक्ष, कॉरिडोर, लॉबी, प्रतीक्षालय और अन्य स्थानों का निरीक्षण किया।

सत्र के दौरान स्वच्छता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने पर ज़ोर देते हुए, श्री बिरला ने निर्देश दिया कि बजट सत्र का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी एजेंसियां एकजुट होकर काम करें।

श्री बिरला ने संसद भवन में आईटीडीसी द्वारा संचालित खानपान सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सांसदों, मीडिया, दोनों सचिवालयों के अधिकारियों और अन्य आगंतुकों को स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए संबंधित एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने खानपान सुविधाओं का नियमित सैनिटाइजेशन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

श्री बिरला ने संसद भवन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का भी मुआयना किया और संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए सांसदों के लिए निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

नए संसद भवन के निर्माण का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने सभी संबंधित एजेंसियों को प्रदूषण नियंत्रण और अन्य मानदंडों के पालन पर ज़ोर दिया और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्माण गतिविधियां सत्र में सुचारु संसदीय कार्य में बाधा न डालें। उन्होंने कहा कि निर्माण स्थल पर वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए आवश्यक उपकरण लगाए जाएं।